प्रेस समाचार

जनसंपर्क विभाग
अमेरिकी दूतावास

शांतिपथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 110021 दूरभाष: 011-24198000 एक्सटेंशन: 8827 फैक्स: 011-24198817
ईमेल: mpl@pd.state.gov इंटरनेट वेबसाइट: http://usembassy.state.gov/delhi.html

12 फरवरी, 2008

अमेरिका ने भारत के बाढ़ पीढ़ितों को 1.2 मिलियन डॉलर की सहायता

नई दिल्ली — अमेरिका प्रभारी राजदूत स्टीवन जे. व्हाइट ने आज घोषणा की कि अमेरिका बिहार के बाढ़ पीड़ितों को 1.2 मिलियन डॉलर (4.7 करोड़ रुपये) की अतिरिक्त सहायता प्रदान करेगा। यह सहायता अमेरिका द्वारा सितंबर 2007 में प्रदान की गई 1.05 मिलियन डॉलर (4.1 करोड़ रुपये) की सहायता के अतिरिक्त है।

धनराशि का उपयोग बिहार के चार बाढ़ प्रभावित जिलों में बाढ़ पीड़ितों की कृषि एवं आर्थिक पुनर्निर्माण में सहायता के लिए किया जाएगा। सहायता राशि से पानी एवं सफाई कार्य, आपात तैयारी प्रशिक्षण और मलेरिया नियंत्रण में सहायता मिलेगी। बाढ़ से 2007 में बिहार में 967 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 24.6 मिलियन लोग प्रभावित हुए थे।

अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी गैर–सरकारी संगठन, तकनीकी सहयोग एवं विकास एजेंसी (एसीटीईडी), प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल एंड कैथॉलिक रिलीफ सर्विसेज के साथ मिलकर आपात रिकवरी गतिविधियों को लागू करेगी।

...